# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in


पंत्राक : 530 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांक : 01/10/2024

## संशोधित विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना पत्रांक संख्या 522 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांक 12.09.2024 एन0ई0पी0–2020 से आच्छादित स्नातक स्तरीय बी0ए0 / बी0कॉम0 / बी0एस.सी0 पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने वाले छात्र अपनी उपाधि के निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। कतिपय छात्र जो अनुत्तीर्ण रहने के कारण अपनी स्नातक उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये है, के भविष्य के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार स्पेशल बैंक परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्पेशल बैंक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित शर्तों के अनुसार भरवाये जायेंगे :–

उक्त परीक्षा हेतु संचालित पाठ्यक्रमों के एन0ई0पी0–2020 स्पेशल बैंक पेपर परीक्षा के फार्म संशोधित विस्तारित तिथि के अनुसार भरे जायेगें।

1. केवल ऐसे एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों बी0ए0 / बी0कॉम0 / बी0एस.सी0 छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 में प्रवेश लिया था तथा सत्र 2023–24 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, ही बैक परीक्षा हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर के बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर में केवल एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही विषय के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। चूँकि एक सेमेस्टर के सभी मेजर विषयों की परीक्षा एक ही तिथि एवं समय पर आयोजित करायी जायेगी इसलिए एक सेमेस्टर के एक से अधिक मेजर विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में एक–एक माईनर विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, छात्रों को अपने दोनों वर्षों के माईनर विषयों का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा। ऐसे छात्र जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में किसी भी माईनर विषय का चयन नहीं किया था, को सेमेस्टरवार माईनर विषयों के बैंक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।
5. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
6. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course) का परीक्षा फार्म भर सकेंगे। समस्त कौशल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं महाविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जायेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में समस्त महाविद्यालयों को कौशल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं पूर्ण करा अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।
7. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय कोड का चयन किया था, उन्हीं विषय कोड का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरा जाये। बैंक पेपर में विषय कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।

8. विगत वर्षों में अनेकों छात्रों के गलत परीक्षा फार्म भरने तथा सत्यापित होने के कारण बहुत सारे छात्र अपनी उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं। इसलिए समस्त प्राचार्यों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि छात्रों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म की सम्यक् जाँच करने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म सत्यापित करना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को परीक्षा फार्म प्रेषित करते समय सम्बन्धित सेमेस्टर की सत्यापित ऑनलाईन निर्गत अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि :– | 02.10.2024 |
| ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि :– | 04.10.2024 |
| महाविद्यालयों/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि :– | 05.10.2024 |
| सत्यापित परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि :– | 07.10.2024 |

नोट :– परीक्षा फार्म वेब लिंक https://msuweb.in पर उपलब्ध होंगे।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित :–**

1. समस्त सम्पादक, समस्त समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश/विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. उपकुलसचिव।
6. प्रभारी सीक्रेसी।
7. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)
8. प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
9. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की कृपया नियमों के अनुसार फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।
10. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
11. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियन्त्रक